(13)

दिनांक–13.03.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में SITC of 33/0.433 Sub-station along with Diesel Generator Set at Vikash Bhawan, New Secretariate, Patna कार्य के एकरारित मदों में हुए विचलन, अतिरिक्त कार्य के परिमाण विपत्र के अनुमोदन, पूरक एकरारनामा करने एवं एकरारनामा अवधि विस्तार हेतु विभागीय निविदा समिति की कार्यवाही–

---

उपस्थिति

1. श्री कुमार रवि, – अध्यक्ष
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।
2. श्री असीम कुमार, – सदस्य
अभियंता प्रमुख (विद्युत),
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।
3. श्री असीम कुमार, – सदस्य
मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।
4. श्री विकाश कुमार पाण्डेय, – सदस्य
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, पटना ।

1. कार्य का नाम– SITC of 33/0.433 Sub-station along with Diesel Generator Set at Vikash Bhawan, New Secretariate, Patna.
2. प्रशासनिक स्वीकृति की राशि – रु0 18,66,85,561/–
3. प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग– भवन निर्माण विभाग, पटना का पत्रांक–37 (भ), दिनांक–29.07.2024
4. मूल तकनीकी स्वीकृति की राशि – रु0 18,66,85,561/–
5. पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति की राशि – रु0 20,75,61,266/–
6. मूल एकरारनामा की राशि – रु0 18,18,07,178/–
7. मूल एकरारनामा संख्या – SBD No.-02 of 2025-26
8. पूरक एकरारनामा की राशि – रु0 2,30,30,519/–
9. सम्वेदक का नाम – मेसर्स भवानी इंटरप्राईजेज, पटना
10. मूल एकरारनामा के अनुसार कार्य आरंभ करने की तिथि– 22.04.2025
11. मूल एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि– 21.10.2025
12. प्रस्तावित कार्य समाप्ति की संभावित तिथि – 28.02.2026
13. <u>दिनांक–10.03.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाही–</u>

विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल, पटना ने पत्रांक–220, दिनांक–28.01.2026 एवं पत्रांक–1093, दिनांक–18.12.2025 के द्वारा विषयांकित कार्य के पुनरीक्षित प्राक्कलन, अतिरिक्त परिमाण विपत्र, पूरक एकरारनामा करने एवं विचलन चार्ट को अनुमोदन तथा एकरारनामा अवधि विस्तार हेतु प्रस्ताव समर्पित किया गया है । विदित हो कि मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के द्वारा संबंधित कार्य के पुनरीक्षित प्राक्कलन पर रु0 20,75,61,266/– (बीस करोड़ पचहत्तर लाख एकसठ हजार दो सौ छियासठ) मात्र की तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसमें विद्युत कार्य हेतु अतिरिक्त कार्य की राशि रु0 1,00,41,254/– है । समिति के सभी सदस्यों द्वारा एकरारनामा, पुनरीक्षित प्राक्कलन, विचलन चार्ट एवं अतिरिक्त परिमाण विपत्र के जाँचोपरान्त निम्नलिखित तथ्य पाये गए–

(i) मूल एकरारनामा की राशि – रु0 18,18,07,178/–
(ii) पूरक एकरारनामा की राशि – रु0 2,30,30,519/–
(iii) एकरारित मदों में हुए विचलन की राशि – रु0 (–) 84,00,078/–
(iv) अतिरिक्त परिमाण विपत्र की राशि – रु0 1,00,41,254/–
(v) योजना की कुल लागत (i+ii+iii+iv) – रु0 20,64,78,873/–

उल्लेखनीय है कि योजना की कुल लागत यथा रु0 20,64,78,873/– (बीस करोड़ चौसठ लाख अठहत्तर हजार आठ सौ तिहत्तर) मात्र है, जो प्रशासनिक स्वीकृति की राशि रु0 18,66,85,561/– (अठारह करोड़ छियासठ लाख पचासी हजार पाँच सौ एकसठ) मात्र के अनुज्ञेय सीमा 20 प्रतिशत अधिक यथा रु0 22,40,22,673/– (बाईस करोड़ चालीस लाख बाईस हजार छः सौ तिहत्तर) मात्र के अंतर्गत है ।

ज्ञात हो कि पेसू के द्वारा दिये जाने वाली विद्युत कनेक्शन के स्थान में बदलाव होने के परिणामस्वरूप 3 core 240 Sqmm 33 KV grade HT cable में वृद्धि एवं 5000 amp alumunium bus duct with **canopy** में कमी हुई है । तदनुसार, एकरारित मदों में विचलन की राशि रु0 (–) 84,00,078/– (बचत चौरासी लाख अठहत्तर) मात्र है । संबंधित कार्यों की विवरणी निम्नवत् है–

| क्र0 | मद का नाम | बढ़ोत्तरी | घटोत्तरी |
|---|---|---|---|
| 1 | 33 KV grade HT cable | रु0 16,81,200.00 (57.14%) | |
| 2 | Intermission for 33 KV grade HT cable (indoor) | रु0 68,432.00 (40%) | |
| 3 | Intermission for 33 KV grade HT cable (outdoor) | रु0 1,43,288.00 (40%) | |
| 4 | 5000 amp Al. Bus duct | | रु0 1,04,80,398.00 (49.33%) |
| 5 | Earth foundation Trenches or drains | रु0 7,214.00 (66.67%) | |
| | कुल | रु0 19,00,134.00 | रु0 1,04,80,398.00 |
| | As per agreement (Below 2.1%) | रु0 39,902.814 | रु0 2,20,088.358 |
| | कुल | रु0 18,60,231.186 | रु0 1,02,60,309.642 |
| | विचलन = बढ़ोत्तरी – घटोत्तरी (रु0 18,60,231.186 – रु0 1,02,60,309.642)<br>कुल विचलन = रु0-84,00,078.456 | | |
| | Say | रु0-84,00,078.00 | |

साथ ही, सब–स्टेशन (असैनिक कार्य) के निर्माण के क्रम में विद्युत संबंधी विभिन्न कार्य यथा वॉयरिंग, फिटिंग, सीलिंग फैन, डी0बी0, फ्लड लाईट, केबुल आदि के कार्य हेतु रु0 1,00,41,254/– (एक करोड़ एकतालिस हजार दो सौ चौवन) मात्र के अतिरिक्त कार्य के प्राक्कलन का प्रावधान किया गया है ।

प्रस्तुत के संदर्भ में विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, पटना के द्वारा सूचित किया गया कि विद्युत कार्य आरम्भ होने के पश्चात् विभागीय उच्च पदस्थ पदाधिकारियों द्वारा कार्य की महत्ता के दृष्टिगत विषयांकित कार्य हेतु प्रदत्त प्रशासनिक स्वीकृत्यादेश के अवशेष राशि से सब–स्टेशन (असैनिक कार्य) के निर्माण कार्य को संबंधित सम्वेदक के माध्यम से निष्पादित कराने का निदेश दिया गया है ।

तद् आलोक में मुख्य अभियंता (निरूपण), भवन निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक–1363 (नि), दिनांक–19.08.2025 द्वारा सब–स्टेशन निर्माण (असैनिक कार्य) हेतु तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई है । तदुपरान्त, असैनिक कार्य (G +1 भवन) पूर्ण करने में लगभग छः माह व्यतीत हुआ है । उक्त भवन में विद्युत संबंधी कार्यों को पूर्ण करने हेतु कार्यरत एजेंसी के पत्रांक–शून्य, दिनांक–25.10.2025 द्वारा एकरारनामा अवधि दिनांक–28.02.2026 तक विस्तार करने का अनुरोध किया गया है । तदालोक में संबंधित कनीय विद्युत अभियंता, सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत कार्यपालक अभियंता एवं विद्युत अधीक्षण अभियंता के द्वारा दिनांक–28.02.2026 तक के एकरारनामा अवधि विस्तार करने का अनुशंसा किया गया है ।

उल्लेखनीय है कि विचलन के कुछ मदों में 20 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोत्तरी हुई है । तदनुसार, समिति के द्वारा पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या–2106 (S), दिनांक–07.03.2017 के आलोक में एकरारित मदों में हुए विचलन, अतिरिक्त परिमाण विपत्र, पूरक एकरारनामा करने एवं एकरारनामा अवधि विस्तार दिनांक–28.02.2026 (131 दिन) तक करने की स्वीकृति हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्ताव भेजने पर सहमति व्यक्त की गयी ।

14. <u>दिनांक–10.03.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक का निर्णय–</u>

सम्यक् विचारोपरांत समिति के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य के पुनरीक्षित प्राक्कलन के आलोक में एकरारित मदों में हुए विचलन चार्ट के अनुसार राशि रु0 (–) 84,00,078/– (चौरासी लाख अठहत्तर) मात्र एवं अतिरिक्त परिमाण विपत्र की राशि रु0 1,00,41,254/– (एक करोड़ एकतालिस हजार दो सौ चौवन) मात्र के अनुमोदन, पूरक एकरारनामा करने एवं एकरारनामा अवधि विस्तार दिनांक–28.02.2026 (131 दिन) तक करने की अनुशंसा इस शर्त्त के साथ की जाती है कि विस्तारित अवधि के लिए कोई अतिरिक्त राशि संवेदक को देय नहीं होगी । तदालोक में विभागीय निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित करने का निर्णय लिया गया ।

15. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णय–</u>

दिनांक–10.03.2026 को मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के स्तर से सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में विषयांकित कार्य के पुनरीक्षित प्राक्कलन के आलोक में एकरारित मदों में हुए विचलन चार्ट के अनुसार राशि रु0 (–) 84,00,078/– (चौरासी लाख अठहत्तर) मात्र एवं अतिरिक्त परिमाण विपत्र की राशि रु0 1,00,41,254/– (एक करोड़ एकतालिस हजार दो सौ चौवन) मात्र का अनुमोदन, पूरक एकरारनामा करने तथा एकरारनामा अवधि विस्तार दिनांक–28.02.2026 (131 दिन) तक इस शर्त्त के साथ कि विस्तारित अवधि के लिए कोई अतिरिक्त राशि संवेदक को देय नहीं होगी, का निर्णय लिया जाता है । तदनुसार, मुख्य विद्युत अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना अग्रेतर कार्रवाई करेंगे । इसे विभागीय बेवसाईट पर रखा जाय ।

अंत में सधन्यवाद बैठक समाप्त हुई ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13/3/26 | 13/3/26 | 13/3/26 | 13/3/26 |
| (विकाश कुमार पाण्डेय)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | (असीम कुमार)<br>मुख्य विद्युत अभियंता–1,<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | (असीम कुमार)<br>अभियंता प्रमुख (विद्युत),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | (कुमार रवि)<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। |

ज्ञापांक–प्र021/भ0वि0प्राक्क0–415/23– 170(वि0) दिनांक– 16/3/26

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

16/3/26
(असीम कुमार)
मुख्य विद्युत अभिता–1,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।